### डीजल शेड, रतलाम को चालू करना

1260. डा० लक्ष्मीनारायण पाण्डेय : क्या रेल मन्त्री डीजल शेड, रतलाम (पश्चिम रेलवे) के विस्तार के बारे में 11 अप्रैल, 1972 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2513 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने डीजल शेड रतलाम के शीघ्र कार्यारम्भ का आश्वासन दिया था ;

(ख) क्या इस बीच कार्य आरम्भ हो चुका है, और यदि हां, तो इस पर अब तक कितना व्यय हुआ है ; और

(ग) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

रेल मन्त्री (श्री टी० ए० पाई) : (क) से (ग). प्रारम्भिक कार्य जैसे टेंडर आमंत्रित करना आदि चालू है। इस्पात के भारी कमी के कारण, वैकल्पिक अभिकल्प तैयार किए जा रहे हैं और अन्य आनुषंगिक निर्माण कार्यों के लिए टेंडर आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस काम के लिए स्वीकृत कुल 39.42 लाख रुपए की राशि में से चालू वित्तीय वर्ष के लिए 20 लाख रुपए की व्यवस्था की गयी है।

### भारत-ब्रिटेन रुई करार

1261. डा० लक्ष्मीनारायण पाण्डेय : क्या विदेश व्यापार मन्त्री कपड़े के निर्यात के लिए ब्रिटेन के साथ नये समझौते के बारे में 18-4-1972 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3156 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ब्रिटेन को सूती कपड़े के निर्यात के लिए नये करार को इस बीच अन्तिम रूप दे दिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या हैं ?

विदेश व्यापार मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री ए० सी० जार्ज) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

### ढोढर और जावरा रेलवे स्टेशनों (पश्चिम रेलवे) के बीच हाल्ट स्टेशन

1262. डा० लक्ष्मीनारायण पाण्डेय : क्या रेल मन्त्री ढोढर और जावरा रेलवे स्टेशनों के बीच हाल्ट स्टेशन खोलने के बारे में 23 नवम्बर, 1971 और 18 अप्रैल, 1972 के अतारांकित प्रश्न संख्या क्रमश: 1334 और 3163 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि हाल्ट स्टेशन खोलने के बारे में अब तक क्या प्रगति हुई है ?

रेल मन्त्री (श्री टी० ए० पाई) : ढोढर और जावरा स्टेशनों के बीच गाड़ी हाल्ट बनाने के लिए मिट्टी डालने का काम हो रहा है और हाल्ट के नाम के सम्बन्ध में मध्य प्रदेश सरकार के साथ सक्रिय रूप से बातचीत चल रही है।

### देश के पश्चिम, दक्षिण, तथा पूर्वी भागों में सर्वोच्च न्यायालय की पीठ स्थापित करना

1263. डा० लक्ष्मीनारायण पाण्डेय :
श्री महादीपक सिंह शाक्य :

क्या विधि और न्याय मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के पश्चिम, दक्षिण तथा पूर्वी भागों में सर्वोच्च न्यायालय की तीन और पीठ स्थापित करने की आवश्यकता है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सम्पूर्ण योजना का ब्योरा क्या है ?

विधि और न्याय तथा पैट्रोलियम और रसायन मन्त्री (श्री एच० आर० गोखले) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

### Take-over of Raw Jute Trade

1264. SHRI RAM PRAKASH :
SHRI B. K. DASCHOWDHURY

Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state :

(a) whether Government propose to take over the raw jute trade ; and